विशद पंच मेरु विधान (संस्कृत)
अपरनाम
श्री पुष्पाजंलि व्रत विधान (हिन्दी)



रचयिता :
प. पू. क्षमामूर्ति 108 आचार्य श्री विशदसागर जी

कृति – **विशद श्री पुष्पांजलि व्रत पूजा विधान**

रचयिता – प. पू. साहित्य रत्नाकर, क्षमामूर्ति
आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज

संस्करण – प्रथम-2018, प्रतियाँ – 1000

सम्पादन . मुनि 108 श्री विशाल सागर जी महाराज

सहयोग – आर्यिका श्री भक्तिभारती माताजी
ऐलक श्री विदक्ष सागर जी, क्षुल्लक श्री विसौम सागर जी
क्षुल्लिका श्री वात्सल्य भारती माताजी

संकलन – ज्योति दीदी-9829076085, आस्था दीदी
सपना दीदी-9829127533, आरती दीदी-8700876822

कम्पोजिंग – आरती दीदी-8700876822

प्राप्ति स्थल – 1. सुरेश जैन सेठी, शांति नगर, जयपुर – 9413336017
2. हरीश जैन, दिल्ली – 9136248971
3. महेन्द्र कुमार जैन, सैक्टर-3 रोहिणी – 09810570747
4. पदम जैन, रेवाड़ी – 09416888879
5. श्री सरस्वती पेपर स्टोर, चांदी की टकसाल, जयपुर
मो.: 8561023344, 8114417253

पुण्यार्जक :
अरविन्द कुमार - आभा जैन
आकाश जैन, श्री दिव्या जैन अमित जैन
श्योपुर (मध्यप्रदेश)
मो.: 9755757486

मुद्रक – बसन्त जैन, श्री सरस्वती प्रिन्टिंग इण्स्ट्रीज, SBI के नीचे, चांदी की टकसाल, जयपुर – मो.: 8114417253, 8561023344
ईमेल : jainbasant02@gmail.com

मूल्य – 70/- रु. मात्र

विशद पंच मेरु विधान (संस्कृत)
अपरनाम
श्री पुष्पाजंलि व्रत विधान (हिन्दी)



रचयिता :
प. पू. क्षमामूर्ति 108 आचार्य श्री विशदसागर जी

कृति – **विशद श्री पुष्पांजलि व्रत पूजा विधान**

रचयिता – प. पू. साहित्य रत्नाकर, क्षमामूर्ति
आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज

संस्करण – प्रथम-2018, प्रतियाँ – 1000

सम्पादन . मुनि 108 श्री विशाल सागर जी महाराज

सहयोग – आर्यिका श्री भक्तिभारती माताजी
ऐलक श्री विदक्ष सागर जी, क्षुल्लक श्री विसौम सागर जी
क्षुल्लिका श्री वात्सल्य भारती माताजी

संकलन – ज्योति दीदी-9829076085, आस्था दीदी
सपना दीदी-9829127533, आरती दीदी-8700876822

कम्पोजिंग – आरती दीदी-8700876822

प्राप्ति स्थल – 1. सुरेश जैन सेठी, शांति नगर, जयपुर – 9413336017
2. हरीश जैन, दिल्ली – 9136248971
3. महेन्द्र कुमार जैन, सैक्टर-3 रोहिणी – 09810570747
4. पदम जैन, रेवाड़ी – 09416888879
5. श्री सरस्वती पेपर स्टोर, चांदी की टकसाल, जयपुर
मो.: 8561023344, 8114417253

पुण्यार्जक :
रतनलाल, चन्द्रशेखर जैन - वर्धमान, ऋषभ जैन
(हवली राम परिवार)
किशनगढ़ बास, अलवर (राजस्थान)
मो.: 9413419367

मुद्रक – बसन्त जैन, श्री सरस्वती प्रिन्टिंग इण्स्ट्रीज, SBI के नीचे, चांदी की टकसाल, जयपुर – मो.: 8114417253, 8561023344
ईमेल : jainbasant02@gmail.com

मूल्य – 70/- रु. मात्र

अर्चन के सुमन

संसार दुःखों का समूह है। दुःखों से बचने के लिए प्राणी हमेशा प्रयत्नशील रहता है। यह प्रयत्न कभी अनुकूल तो कभी प्रतिकूल होते हैं। अनुकूल अर्थात् सम्यक् प्रयत्न ही दुःख दूर करने में समर्थ होते हैं। दुःखों का अंतरंगकारण हमारी राग–द्वेष रूप परिणति है एवं बाह्य कारण कर्मोदय है। कर्मोदय के अनुसार अनुकूल–प्रतिकूल निमित्त मिलते रहते हैं और जीव दुःख का वेदन करता रहता है इसलिए कवि ने लिखा है–

संसार में सुख सर्वदा काहूँ को न दीखे।
कोई तन दुखी, कोई मन दुखी, कोई धन दुखी दीखे।।

ऐसी स्थिति में लोगों को जिनधर्म से जुड़कर देव–शास्त्र–गुरु की पूजा,आराधना ही सर्वोपरि है। पुण्य संचय हो और इंसान सुखी और समृद्ध हो एवं सम्यक्त्व को प्राप्त कर परम्परा से रत्नत्रय का आराधन कर मोक्ष प्राप्त कर सके। इस हेतु चिंतन के बिखरे पुष्पों को समेटकर चित्त को चैतन्यता की ओर ले जाने के लिए ज्ञानवारिधि गुरुवर श्री विशदसागर जी महाराज ने 'लघु पंचपरमेष्ठी विधान'के माध्यम से शब्द पुंजों को सरल भाषा में संचित किया है। क्योंकि कहते है कि–

प्रभु भक्ति से नूर खिलता है।
गमे दिल को सरूर मिलता है।।
जो आता है सच्चे मन से द्वार पर।
उसे कुछ न कुछ जरुर मिलता है।।

आचार्य श्री की तपस्तेज सम्पन्न एवं प्रसन्न मुखमुद्रा प्रायः सभी का मन मोह लेती है। आचार्य श्री के कण्ठ में साक्षात् सरस्वती का निवास है। इसे भगवान का वरदान कहें या पूर्व पुण्योदय समझ में नहीं आता। आचार्य श्री को पाकर सारी जैन समाज गौरवान्वित है। आचार्य श्री के द्वारा अब तक 200 विधानों की रचना की जा चुकी है। आचार्य श्री का गुणगान करना तो कदाचित् संभव ही नहीं है। गुरुवर के चरणों में अंतिम यही भावना है कि–

जिनका दर्शन भवि जीवों में, सत् श्रद्धान जगाता है।
उपदेशामृत जिनका जग में, सद्धर्म की राह दिखाता है।।
उन विशद सिन्धु के श्री चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
हम चले आपके कदमों पर, यह विशद भावना भाते हैं।।

– **ब्र. आरती दीदी** (संघस्थ आ. विशद सागर जी महाराज)

श्री पुष्पांजलि व्रत कथा

नमो सिद्ध परमात्मा, सकल सिद्धि दातार।
पुष्पांजलि व्रतकी कथा, कहू भव्य सुखकार।।

जम्बूद्वीप के पूर्व विदेह में सीता नदी के दक्षिण तटपर मंगलावती देश में रत्नसंचयपुर नाम का एक नगर है। वहां का राजा वज्रसेन अपनी जयावती रानी सहित सानन्द राज्य करता था, परन्तु घर में पुत्र न होने के कारण उदास रहता था। सो एक दिन वह राजा जय रानी सहित जिन मंदिर में दर्शन करने को गया, तो वहां उसने ज्ञानसागर मुनिराज को बैठे देखा, और भक्ति सहित उनकी पूजा वन्दना करके धर्मोपदेश सुना।

पश्चात् अवसर पाकर विनय सहित राजा ने पूछा- हे प्रभु! हमारी रानी के पुत्र न होने से यह अत्यन्त दुःखित रहती है, सो क्या इसके कोई पुत्र होगा? तब मुनिराज ने विचार कर कहा-राजा! चिंता न करो, इसके अत्यन्त प्रभावशाली पुत्र होगा, जो चक्रवर्ती पद प्राप्त करेगा।

यह सुनकर राजा रानी हर्षित होकर घर आये और सुख से रहने लगे, पश्चात्, कुछ दिनों के बाद रानी को शुभ स्वप्न हुए, और एक देव स्वर्ग से रानी के गर्भ में आया। और नव मास पूर्ण होने पर रत्न-शेखर नाम धारी सुन्दर पुत्र हुआ। एक दिन रत्नशेखर अपने मित्रों के साथ जब क्रीड़ा कर रहा था तब इसे आकाश मार्ग से जाते हुए मेघवाहन नाम के विद्याधर ने देखा सो देखते ही प्रेम से विह्वल होकर नीचे आया और राजपुत्र को अपना परिचय देकर उसका मित्र बन गया। ठीक है- ''पुण्य से क्या नहीं होता है?''

पश्चात् राजपुत्र ने भी उसे अपना परिचय देकर मेरुपर्वत की वन्दना करने की इच्छा प्रगट की। तब मेघवाहन बोला- हे कुमार! हमारे विमान में बैठकर चलो, परन्तु रत्नशेखर ने यह स्वीकार नहीं किया और कहा कि मुझे ही विमान रचना की विधि या मन्त्र बताओ। सो विद्याधर ने ऐसा ही किया तब कुमार ने मित्र विद्याधर की सहायता से 500 विद्याएं साधीं पश्चात् मेघवाहनादि मित्रों सहित ढाई द्वीप के समस्त जिन मन्दिरों की वन्दनाथ प्रस्थान किया। सो विजयार्घ पर्वत के सिद्धकूट चैत्यालय में पूजा

स्तवन करके रंगमण्डप में बैठा था, कि इतने में दक्षिण श्रेणी रथनूपुर नगर की राजकन्या मदनमंजूषा भी दर्शनार्थ सखियों सहित वहां आई, और रत्नशेखर को देखकर मोहित हो गई, परन्तु लज्जावश कुछ कह न सकी, और खेदितचित्त होकर घर लौट गई।

राजा रानी ने उसके खेद का कारण जानकर स्वयंवर मण्डप रचा, और सब राजपुत्रों को आमंत्रण दिया, सो शुभ तिथि में बहुत से राजपुत्र वहां आये, उनमें रत्नशेखर भी आया। जब कन्या वरमाला लेकर आई तो उसने रत्नशेखर के ही कण्ठ में यह वरमाला डाली। इस पर विद्याधर राजा बहुत बिगड़े कि यह विद्याधर की कन्या है, भूमिगोचरी को नहीं ब्याह सकती है, परन्तु रत्नशेखर ने उनको युद्ध के लिये तत्पर देख सबको थोड़ी देर में जीतकर यथास्थान विदा कर दिया। इनका पराक्रम देखकर बहुत से राजा इनके आज्ञाकारी हुए, और वहीं इनको शुभोदय से चक्ररत्न की प्राप्ति भी हुई, तब छःहों खण्डों को वश में करके व कुमार चक्रवर्ती पद से भूषित होकर निज नगर में आये और पितादि गुरुजनों से मिलकर आनन्द से राज्य करने लगे।

एक दिन राजा रत्नशेखर माता पिता सहित सुदर्शनमेरु की वन्दना को गये थे सो वहां भाग्योदय से दो चारण मुनियों को देखकर भक्तिपूर्वक वन्दना स्तुति कर धर्मोपदेश सुना और अवसर पाकर अपने भवांतरों का कथन पूछा तथा यह भी पूछा, कि मदनमंजूषा और मेघवाहन का मुझ पर अत्यन्त प्रेम क्यों है?

तब श्री मुनि ने कहा- राजा सुनो! इसी जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र आर्यखण्ड में भृणालपुर नाम का एक नगर है, वहां राजा जितारि और रानी कनकावती सुख से राज्य करते थे। इसी नगर में श्रुतकीर्ति नाम ब्राह्मण और उसकी बन्धुमती नाम की स्त्री रहती थी। इसके प्रभावती नाम की एक पुत्री थी जिसने जैन गुरु के पास शिक्षा पाई थी।

एक दिन ब्राह्मण सपत्नीक बन क्रीड़ा को गया था, सो वहां पर उसकी स्त्री को सांप ने काटा, और वह मर गई। तब ब्राह्मण अत्यन्त शोक से विह्वल हो गया, और उदास रहने लगा। यह समाचार पाकर उसकी पुत्री प्रभावती वहां आई और अनेक प्रकार से पिता को सम्बोधन करके बोली-

पिताजी! संसार का स्वरूप ऐसा ही है। इसमें इष्ट वियोग, अनिष्ट संयोग प्रायः हुआ ही करते हैं। यह इष्टानिष्ट कल्पना मोह भावों से होती है, यथार्थ में न कुछ इष्ट है, न अनिष्ट है, इसलिये शोक का त्याग करो।

पश्चात् प्रभावती ने अपने पिता को जैन गुरु के पास सम्बोधन कराकर दीक्षा दिला दी। सो ब्राह्मण ने प्रारम्भ में तपश्चरण किया, परन्तु पश्चात् चारित्रभ्रष्ट होकर यन्त्र तन्त्रादि के (व्यर्थ के झगड़ों) में फंस गया। विद्या के योग से नई बस्ती बसाकर उसमें घर मांडकर रहने लगा और विषयाशक्त हो स्वच्छन्द प्रवर्तने लगा। तब पुनः प्रभावती उसे सम्बोधन करने के लिये वहां गई और कहा- पिताजी! जिन दीक्षा लेकर इस प्रकार का प्रवर्तन अच्छा नहीं है। इससे इस लोक में निंदा और परलोक में दुःख सहना पड़ेंगे। यह सुनक ब्राह्मण कुपित हुआ और उसे वन में अकेली छोड़ दी। सो जहां प्रभावती नमस्कार मंत्र जपती हुई वन में बैठी थी, वहां वन देवी आई और पूछा- बेटी! तू क्या चाहती है? तब प्रभावती ने कैलाशयात्रा करने की इच्छा प्रगट की।

यह सुनकर देवी ने उसे कैलाश पर पंहुचा दिया। प्रभावती वहां भादों सुदी पांचम के दिन पहुंची थी, और उस दिन पुष्पांजलि व्रत था, इसलिये स्वर्ग तथा पातालवासी देव भी वहां पूजन वन्दनादि के लिये आये थे। सो पद्मावती देवी ने प्रभावती का परिचय पाकर कहा- बेटी! तू पुष्पांजलि व्रत कर इससे तेरा सब दुःख दूर होगा। इस व्रत की विधि इस प्रकार है कि भादों सुदी 5 से 9 तक पांच दिन तक नित्य प्रति पंचमेरु की स्थापना करके चौबीस तीर्थंकरों की अष्ट द्रव्य से पूजाभिषेक करे, पांच अष्टक तथा पांच जयमाल पढ़े और 'ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धी अस्सी जिनालयेभ्यो नमः' इस मंत्र का 108 बार जाप करे, पांचम का उपवास करे, और शेष दिनों में रस त्यागकर ऊनोदर भोजन करे। रात्रि को भजन जागरण करे, विषय कषार्यो को घटावे, ब्रह्मचर्य रखे और घर का आरम्भ त्यागे। इस प्रकार पांच वर्ष तक व्रत करके फिर उद्यापन करे, सो प्रत्येक प्रकार के उपकरण पांच पांच जिनालय में भेंट देवें, पांच शास्त्र पधरावे, पांच श्रावकों को भोजन करावें, चारों प्रकार के दान देवे, इत्यादि। यदि उद्यापन करने की शक्ति न होवे तो दूना व्रत करे।

इस प्रकार प्रभावती ने व्रत की विधि सुनकर सहर्ष स्वीकार किया,

और उसे यथाविधि 5 वर्ष तक पालन किया तथा उद्यापन भी किया इससे उसे बहुत शांति हुई। पश्चात् पद्मावती देवी ने उसे विमान में बैठाकर उसके नगर मृणालपुर में पहुंचा दिया। वहां पहुंचकर प्रभावती ने स्वयं प्रभु गुरु के पास दीक्षा ली, और तप करने लगी, सो तप के प्रभाव से उसकी बहुत प्रशंसा फैली। यह प्रशंसा उसके पिता से सहन नहीं हुई, और उसने उसे दु:ख देने को विद्याएं भेजीं। सो विद्याएं बहुत उपसर्ग करने लगीं, परन्तु प्रभावती रंच मात्र भी नहीं डिगी और अन्त में समाधिमरण करके अच्युत स्वर्ग में देव हुई। उसका नाम पद्मनाभ हुआ।

इसी बीच में मृणालपुर की एक रुकमणी नाम की श्राविका मरकर उसी देव की देवी हुई। सो वे दोनों सुख पूर्वक कालक्षेप करने लगे। एक दिन उस पद्मनाभ देव ने विचारा, कि हमारा पूर्वजन्म का पिता मिथ्यात्व में पड़ा है उसे सम्बोधन करना चाहिये। यह विचार कर उसके पास गया और अपना सब वृतान्त कहा, सो सुनकर वह बहुत लज्जित हुआ, और सब प्रपंच छोड़कर शांत चित्त हुआ। पश्चात् जिनोक्त तपश्चरण किया, और समाधि से मरण कर स्वर्ग में प्रभास देव हुआ।

सो वह पद्मनाभ देव स्वर्ग से चयकर तू रत्नशेखर चक्रवर्ति हुआ है, और पद्मनाभ की देवी तेरी मदनमंजूषा नाम की पट्टरानी हुई है। तथा प्रभास देव वहां से चयकर यह तेरा मित्र मेघवाहन विद्याधर हुआ है। सो हे राजा! तूने पूर्वजन्म में पुष्पांजलि व्रत किया जिसके फल से स्वर्ग के सुख भोगकर यहां चक्रवर्ति हुआ है, और ये दोनों भी तेरे पूर्व जन्म के सम्बन्धी हैं, इससे इनका तुझ पर परम स्नेह है।

यह सुनकर राजा ने पुष्पांजलि व्रत धारण किया और यात्रा करके घर आया, विधि सहित व्रत किया, पश्चात् बहुत काल तक राज्य करके संसार से विरक्त होकर निज पुत्र को राज्यभार सौंपकर जिन दीक्षा ले ली। और घोर तप करके केवलज्ञान प्राप्त किया तथा अनेक भव्यजीवों को धर्मोपदेश दिया। पश्चात् शेष कर्मों को नाश करके मोक्षपद प्राप्त किया। मदनमंजूषा ने भी दीक्षा ले ली, सो तप कर सोलहवें स्वर्ग में देव हुई। मेघवाहन आदि अन्य राजा भी यथायोग्य गतियों को प्राप्त हुए। इस प्रकार और भी भव्यजीव श्रद्धा भक्ति सहित व्रत पालेंगे तथा कषायों को कृश करेंगे तो वे भी उत्तमोत्तम पद को प्राप्त होंगे।

- मुनि विशाल सागर जी

श्री देव शास्त्र गुरु पूजन

स्थापना

देव-शास्त्र-गुरु पद नमन, विद्यमान तीर्थेश।
सिद्ध प्रभु निर्वाण भू, पूज रहे अवशेष।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरु विद्यमान विंशति जिन अनन्तानंत सिद्ध परमेष्ठी निर्वाण क्षेत्र समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(चाल छन्द)

जल के यह कलश भराए, त्रय रोग नशाने आए।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।1।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।

शुभ गंध बनाकर लाए, भवताप नशाने आए।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।2।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्व. स्वाहा।

अक्षत हम यहाँ चढ़ाएँ, अक्षय पदवी शुभ पाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।3।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो अक्षयपद प्राप्ताय अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

सुरभित ये पुष्प चढ़ाएँ, रुज काम से मुक्ती पाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।4।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो कामबाण विध्वंशनाय पुष्पं निर्व. स्वाहा।

पावन नैवेद्य चढ़ाएँ, हम क्षुधा रोग विनशाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।5।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

घृत का ये दीप जलाएँ, अज्ञान से मुक्ती पाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।6।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नी में धूप जलाएँ, हम आठों कर्म नशाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।7।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ताजे फल यहाँ चढ़ाएँ, शुभ मोक्ष महाफल पाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।8।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

पावन ये अर्घ्य चढ़ाएँ, हम पद अनर्घ्य प्रगटाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।9।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो अनर्घपद प्राप्ताय अर्घ्यं निव. स्वाहा।

दोहा - शांती धारा कर मिले, मन में शांति अपार।
अतः भाव से आज हम, देते शांती धार।।

(शान्तये शांतिधारा)

दोहा - पुष्पांजलिं करते यहाँ, लिए पुष्प यह हाथ।
देव शास्त्र गुरु पद युगल, झुका रहे हम माथ।।

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।)

जयमाला

दोहा - देव-शास्त्र-गुरु के चरण, वन्दन करें त्रिकाल।
'विशद' भाव से आज हम, गाते हैं जयमाल।।

(तामरस छंद)

जय-जय-जय अरहंत नमस्ते, मुक्ति वधू के कंत नमस्ते।
कर्म घातिया नाश नमस्ते, केवलज्ञान प्रकाश नमस्ते।
जगती पति जगदीश नमस्ते, सिद्ध शिला के ईश नमस्ते।
वीतराग जिनदेव नमस्ते, चरणों विशद सदैव नमस्ते।।
विद्यमान तीर्थेश नमस्ते, श्री जिनेन्द्र अवशेष नमस्ते।
जिनवाणी ॐकार नमस्ते, जैनागम शुभकार नमस्ते।
वीतराग जिन संत नमस्ते, सर्व साधु निर्ग्रन्थ नमस्ते।
अकृत्रिम जिनबिम्ब नमस्ते, कृत्रिम जिन प्रतिबिम्ब नमस्ते।।
दर्श ज्ञान चारित्र नमस्ते, धर्म क्षमादि पवित्र नमस्ते।
तीर्थ क्षेत्र निर्वाण नमस्ते, पावन पंचकल्याण नमस्ते।
अतिशय क्षेत्र विशाल नमस्ते, जिन तीर्थेश त्रिकाल नमस्ते।
शास्वत तीरथराज नमस्ते, 'विशद' पूजते आज नमस्ते।।

दोहा - अर्हतादि नव देवता, जिनवाणी जिन संत।
पूज रहे हम भाव से, पाने भव का अंत।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा - देव-शास्त्र-गुरु पूजते, भाव सहित जो लोग।
ऋद्धि-सिद्धिं सौभाग्य पा, पावें शिव का योग।।

।। इत्याशीर्वादः (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत)।।

श्री पुष्पांजलि व्रत पूजा विधान

स्थापना

पुष्पांजलि व्रत जीव करें जो, मन में पावन श्रद्धा धार।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा करके, पुण्य प्राप्त वे करें अपार।।
चौबिस तीर्थंकर की अर्चा, पंच मेरु की करते साथ।
पंच महाव्रत के धारी हो, बन जाते शिवपुर के नाथ।।

दोहा - भक्त पुकारें आपको, भाव सहित भगवान।
विशद हृदय में हे प्रभो !, करते हैं आह्वान।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्ब समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(पाइता-छन्द)

निर्मल यह नीर चढ़ाएँ, जन्मादिक रोग नशाएँ।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।1।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।

चन्दन शुभ यहाँ चढ़ाएँ, भव का सन्ताप नशाएँ।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।2।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः संसार ताप विनाशनाय चंदनं निर्व. स्वाहा।

अक्षत से पूज रचाएँ, अक्षय पदवी को पाएँ।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।3।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

यह पुष्प चढ़ा हर्षाएँ, हम काम रोग विनशाएँ।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।4।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः कामवाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्व. स्वाहा।

नैवेद्य चढ़ाने लाए, हम क्षुधा नशाने आए।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।5।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

अग्नी में दीप जलाएँ, हम मोह से मुक्ती पाएँ।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।6।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्व. स्वाहा।

यह सुरभित धूप जलाएँ, हम आठों कर्म नशाएँ।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।7।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः अष्टकर्म विध्वंसनाय धूपं निर्व. स्वाहा।

फल सरस चढ़ाते भाई, जो गाए मोक्ष प्रदायी।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।8।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्व. स्वाहा।

यह पावन अर्घ्य चढ़ाएँ, पावन अनर्घ्य पद पाएँ।
हम जिनवर के गुण गाएँ, इस भव से मुक्ती पाएँ।।9।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा – श्री जिन की महिमा अगम, कोई ना पावे पार।
शांती धारा दे रहे, जिनपद बारम्बार।।

।। शान्तये शांतिधारा ।।

दोहा – कर्म बन्ध को तोड़कर, नाश करें भव ताप।
पुष्पांजलि करके प्रभो !, करे नाम का जाप।।

।। पुष्पांजलि क्षिपेत् ।।

जाप्य मंत्र –

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरु सम्बन्धि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यो नमः।

जयमाला

दोहा – पुष्पांजलि व्रत कर विशद, करना जिन गुणगान।
जयमाला गाके सभी, करें स्व-पर कल्याण।।

(ज्ञानोदय-छन्द)

जम्बूद्वीप के दक्षिण दिश में, मंगलावति है देश महान।
वहाँ रत्न संचयपुर नगरी, वज्रसेन नृप रहा प्रधान।।
जयवन्ती रानी थी जिसकी, पुत्र की जिसके मन में चाह।
ज्ञानोदधि मुनि से जो पूँछी, मुझे पुत्र होगा या नाह।।1।।
मुनि बोले तव चक्रवर्ति सुत, छह खण्डों का होगा स्वामि।
मुनि के वचन प्रमाण हुए नव, मास में सुत पाया जो नामि।।
नाम रत्नशेखर पाया जो, मित्र मेघ वाहन था साथ।
मदन मंजूसा कन्या ब्याही, विद्या पाँच सौ का भी नाथ।।2।।
एक बार चारण ऋद्धीधर, मुनिवर का पाया वह दर्श।
धर्मोपदेश सुना मुनिवर से, पूछा पूर्व जन्म पा हर्ष।।
श्रुत कीर्ति मंत्री की वनिता, वंधुमती था नगर मृणाल।
सर्प दंश से वन्धुमती का, मरण देख जो हुआ बेहाल।।3।।
हो विरक्त दीक्षा वह धारी, भ्रष्ट हुआ किन्तू पश्चात्।
प्रभावती पुत्री तब बोली, किए आप क्यों संयम घात।।
तब वह विद्या से पुत्री को, वन में छोड़ दिलाया त्रास।
अर्हत् भक्ती की उसने तो, विद्या भेजी गिरि कैलाश।।4।।
देव देवियाँ पद्मावति के, आने का कारण क्या राज।
पद्मावती कही भादों सुदि, पाँचे पुष्पांजलि व्रत आज।।
पांच दिना प्रोषध विधि करके, पाँच वर्ष व्रत कर चौबीस।
जिन की पुष्पों से कर अर्चा, चरणों विशद झुकाएँ शीश।।5।।
प्रभावती ने पुष्पाँजलि व्रत, धारे मन में धर उल्लास।
विद्या श्रुत कीर्ति भेजी तव, व्रत को करने हेतु विनाश।।
पद्मावति के आते विद्या, भाग गई डर के तत्काल।
कर सन्यास मरण सोलहवें, स्वर्ग में उपजी तब वह बाल।।6।।
श्रुत कीर्ति के सम्बोधन को, स्वर्ग से आया फिर वह देव।
माता स्वर्ग गई थी पहले, पिता स्वर्ग वह पहुँचा एव।।
प्रभावती तू रत्नशेखर है, मदन मंजूषा माँ का जीव।
मेघ वाहन मंत्री पितु तेरा, व्रत का फल शुभ रहा अतीव।।7।।

दोहा - चक्रवर्ति सन्यास धर, मुनि त्रिगुप्ति के पास।
कर्म नाश नृप मंत्रि द्वय, पाए शिवपुर वास।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बन्धि अशीति जिनालय जिनबिम्बेभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा - पुष्पांजलि व्रत कर 'विशद', पाएँ सौख्य अनूप।
कर्मनाश कर सिद्ध हों, पावें निज स्वरूप।।

।। इत्याशीर्वादः ।।

सुदर्शन मेरू पूजा-1

स्थापना

जम्बूद्वीप के मध्य है, मेरु सुदर्शन नाम।
जिसमें सोलह बिम्ब जिन, का करते आह्वान।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्ब समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

पूजा (सखी छन्द)

यह नीर के कलश भराए ,पूजा करने को आए।
हैं सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः जलं नि.स्वाहा।

चन्दन यह श्रेष्ठ चढ़ाएँ, भव रोग से मुक्ती पाएँ।
हैं सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।2।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः चंदनं नि.स्वाहा।

अक्षत से पूज रचाएँ, अक्षय पदवी को पाएँ।
हैं सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।3।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अक्षतं नि.स्वाहा।

यह पुष्प चढ़ा हर्षाएँ, अब काम रोग विनशाएँ।
हैं सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।4।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः पुष्पं नि.स्वाहा।

नैवेद्य चढ़ाने लाए, अब क्षुधा नशाने आए।
हैं सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।5।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः नैवेद्यं नि.स्वाहा।

पावन ये दीप जलाएँ , हम मोह रोग विनशाएँ।
हैं सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।6।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः दीपं नि.स्वाहा।

अग्नी में धूप जलाते, वसु कर्म नाश हो जाते।
हैं सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।7।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः धूपं नि. स्वाहा।

फल ताजे यहाँ चढ़ाएँ, मुक्ती फल हम भी पाएँ।
हैं सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।8।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः फलं नि.स्वाहा।

यह अर्घ्य बनाकर लाए, पाने अनर्घ्य पद आए।
सोलह जिनगृह भाई, हम पूज रहे शिवदायी।।9।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थ सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

अर्घ्यावली

दोहा - मेरु सुदर्शन में रहे, सोलह श्री जिनधाम।
पुष्पांजलि करते यहाँ, करने को गुणगान।।

।। प्रथम कोष्ठोपरि पुष्पांजलि क्षिपेत् ।।

(अर्द्ध शम्भू-छन्द)

जम्बूद्वीप सुदर्शन मेरू, भद्रशाल वन पूरव जान।
जिन मंदिर में जिन प्रतिमा को, मेरा बारम्बार प्रणाम।।1।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि भद्रशाल वन स्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप मेरु के दक्षिण, भद्रशाल वन में अविराम।
जिन मंदिर में जिन प्रतिमा को, मेरा बारम्बार प्रणाम।।2।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि भद्रशाल वन स्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

मेरु सुदर्शन जम्बूद्वीप में, भद्रशाल पश्चिम दिश मान।
जिन मंदिर में जिन प्रतिमा को, मेरा बारम्बार प्रणाम।।3।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि भद्रशाल वन स्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप मेरु के उत्तर, भद्रशाल वन की शुभ शान।
जिन मंदिर में जिन प्रतिमा को, मेरा बारम्बार प्रणाम।।4।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि भद्रशाल वन स्थित उत्तरदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप सुदर्शन मेरू, नन्दन वन पूरव दिश जान।
जिन मंदिर में जिन प्रतिमा को, मेरा बारम्बार प्रणाम।।5।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि नंदन वन स्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप मेरु के दक्षिण, नंदन वन में आभावान।
जिन मंदिर में जिन प्रतिमा को, मेरा बारम्बार प्रणाम।।6।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि नंदन वन स्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

मेरु सुदर्शन जम्बूद्वीप में, नन्दन वन पश्चिम दिश मान।
जिन मंदिर में जिन प्रतिमा को, मेरा बारम्बार प्रणाम।।7।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि नंदन वन स्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप मेरु के उत्तर, नन्दनवन में आलीशान।
जिन मंदिर में जिन प्रतिमा को, मेरा बारम्बार प्रणाम।।8।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि नंदन वन स्थित उत्तरदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप सुदर्शन मेरू, पूर्व सौमनस वन शुभकार।
जिसमें जिनगृह जिन प्रतिमा को, वन्दन मेरा बारम्बार।।9।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि सौमनस वन स्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप में मध्य मेरु के, दक्षिण दिश में वन शुभ कार।
जिसमें जिनगृह जिन प्रतिमा को, वन्दन मेरा बारम्बार।।10।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि सौमनस वन स्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप सुदर्शन मेरू, वन पश्चिम दिश मंगलकार।
जिसमें जिनगृह जिन प्रतिमा को, वन्दन मेरा बारम्बार।।11।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि सौमनस वन स्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप मेरु के उत्तर वन, सुमनस है अतिशयकार।
जिसमें जिन गृह जिन प्रतिमा को, वन्दन मेरा बारम्बार।।12।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि सौमनस वन स्थित उत्तरदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व.स्व.।

तर्ज–जिनेश्वर पूजो हो भाई...

(टप्पा चाल)

जम्बूद्वीप में मेरु सुदर्शन, पाण्डुक वन भाई।
पूर्व दिशा में जिनगृह जिनपद , पूजें सुखदाई।।13।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि पाण्डुक वन स्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

मेरु सुदर्शन जम्बूद्वीप में, पाण्डुक वन भाई।
दक्षिण दिश में जिनगृह जिनपद, पूजें सुखदाई।।14।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि पाण्डुक वन स्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जम्बूद्वीप में मेरु सुदर्शन, पाण्डुक वन भाई।
पश्चिम दिश में जिनगृह जिनपद, पूजें सुखदाई।।15।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि पाण्डुक वन स्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

मेरु सुदर्शन जम्बूद्वीप में, पाण्डुक वन भाई।
उत्तर दिश में जिनगृह जिनपद, पूजें सुखदाई।।16।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि पाण्डुक वन स्थित उत्तरदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

चार वनों की चार दिशा में, सोलह जिनगृह रहे महान।
उनमें जो जिनबिम्ब विराजित, जिनका हम करते गुणगान।।17।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय सर्वजिनबिम्बेभ्य: पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

1728 जिन प्रतिमा का पूर्णार्घ

चार वनों में मेरु सुदर्शन, के गाये सोलह जिनधाम।
जिनमें सत्रह सौ अट्ठाइस, जिनबिम्बों पद विशद प्रणाम।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाकर, अर्चा करते महति महान।
भक्ति भाव से श्री जिनवर का, आज यहाँ करते गुणगान।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय मध्य विराजमान एक सहस्र सप्तशताष्टाविंशति जिनप्रतिमाभ्य: पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जाप्य मंत्र – ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यो नम:।

जयमाला

दोहा - मेरु सुदर्शन में रहे, सोलह श्री जिनधाम।
जयमाला गाते विशद, करके चरण प्रणाम।।

''तर्ज-चौपाई''

मेरु सुदर्शन है शुभकारी, इन्द्र समान रहा अधिकारी।
इसकी महिमा प्राणी गाते, देख-देख जिसको हर्षाते।।1।।
जम्बू द्वीप के मध्य में सोहे, जन-जन के मन को जो मोहे।
एक लाख योजन ऊँचाई, स्वर्ण रंग सोहे शुभ भाईं।।2।।
रहे चार वन जिसमें प्यारे, हरे भरे शोभित हैं सारे।
भद्रशाल वन पहला गाया, दूजा नन्दन वन कहलाया।।3।।
तृतिय वन सुमनस शुभ जानो, पाण्डुक वन चौथा पहिचानो।
चारों वन की चार दिशाएँ, जिनमें जिनगृह शोभा पाएँ।।4।।
मूल सुमेरू वज्रमयी हैं, मध्य भाग शुभ रत्न मयी हैं।
पाण्डुक वन में चार शिलाएँ, क्रमशः चारों यह कहलाएँ।।5।।
पाण्डुक पाण्डु कम्बला जानो, रक्ता रक्त कम्बला मानो।
वज्रमूक मणि चित्र कहाए, सुरगिरि मंदर मेरू गाए।।6।।
लोकनेमि प्रिय दर्शन जानो, सूर्याचरण मनोरम मानो।
और सुरालय आदिक गाये, मेरू के शुभ नाम बताए।।7।।
पुष्पांजलि शुभ व्रत के धारी, पूजा करते न्यारी-न्यारी।
पंच मेरु व्रत करने वाले, भाव से पूजा करें निराले।।8।।

दोहा - मेरु सुदर्शन पर श्री, जिनवर का अभिषेक।
इन्द्र करें शुभ भाव से, धारें परम विवेक।।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शन मेरु संबंधि षोडश जिनालय सर्व जिनबिम्बेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा - जिनवर का अभिषेक हम, ''विशद'' भाव के साथ।
करके राही मोक्ष के, बने श्री के नाथ।।

।। इत्याशीर्वादः दिव्य पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।।

विजय मेरु पूजा-2

स्थापना

दोहा - विजय मेरु के पूजते, हम सोलह जिन धाम।
करते हैं आह्वान हम, करके विशद प्रणाम।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्ब समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(मोतियादाम-छन्द)

चढ़ाते जिनपद में हम नीर, प्राप्त करने को भव का तीर।
पूजते तव पद हे भगवान !, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।1।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः जलं निर्व. स्वाहा।

चढ़ाते नाथ ! चरण में गंध, कर्म का आश्रव करने बन्द।
पूजते तव पद हे भगवान !, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।2।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः चदनं निर्व. स्वाहा।

चढ़ाएँ अक्षत हे जिनराज !, मिले हम को अक्षय स्वराज।
पूजते तव पद हे भगवान, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।3।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अक्षतं निर्व. स्वाहा।

पुष्प से पूजा करें जिनेश, काम रुज होवे नाश विशेष।
पूजते तव पद हे भगवान !, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।4।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः पुष्पं निर्व. स्वाहा।

सुचरु ये चढ़ा रहे रसदार, क्षुधा रुज हो जाए अब क्षार।
पूजते तव पद हे भगवान !, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।5।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

दीप से अर्चा करते खास, मोह तम होवे पूर्ण विनाश।
पूजते तव पद हे भगवान !, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।6।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः दीपं निर्व. स्वाहा।

धूप यह जला रहे भगवान, कर्म मेरे हों नाश प्रधान।
पूजते तव पद हे भगवान !, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।7।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्य: धूपं निर्व. स्वाहा।

चढ़ाएँ फल ये सरस अनूप, प्राप्त हो मुझको निज स्वरूप।
पूजते तव पद हे भगवान !, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।8।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्य: फलं निर्व. स्वाहा।

अर्घ्य यह अर्पित करता आज, चरण में मिलकर सकल समाज।
पूजते तव पद हे भगवान !, प्राप्त हो जाए पद निर्वाण।।9।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्वधातकी खंड द्वीपस्थ विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

अर्घ्यावली

दोहा - विजय मेरु के पूजते, सोलह श्री जिन धाम।
पुष्पांजलि करते यहाँ, करके विशद प्रणाम।।

।। द्वितीय कोष्ठोपरि पुष्पांजलि क्षिपेत् ।।

(चौपाई-छन्द)

पूर्व धातकी द्वीप में जानो, विजय मेरु पूरव दिश मानो।
भद्रशाल वन में जिन गाए, भव्य जीव जो पूज रचाए।।1।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि भद्रशाल वनस्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी द्वीप में जानो, विजय मेरु दक्षिण दिश मानो।
भद्रशाल वन में जिन गाए, भव्य जीव जो पूज रचाए।।2।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि भद्रशाल वनस्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी द्वीप में जानो, विजय मेरु पश्चिम में मानो।
भद्रशाल वन में जिन गाए, भव्य जीव जो पूज रचाए।।3।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि भद्रशाल वनस्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी द्वीप में जानो, विजय मेरु उत्तर में मानो।
भद्रशाल वन में जिन गाए, भव्य जीव जो पूज रचाए।।4।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि भद्रशाल वनस्थित उत्तरदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी द्वीप कहाए, विजय मेरु नन्दन वन पाए।
पूरव दिश जिनगृह जो गाए, उनके जिन हम पूज रचाए।।5।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि नंदन वनस्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी द्वीप कहाए, विजय मेरु नन्दन वन पाए।
दक्षिण दिश जिनगृह जो गाए, उनके जिन हम पूज रचाए।।6।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि नंदन वनस्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी द्वीप कहाए, विजय मेरु नन्दन वन पाए।
पश्चिम दिश जिनगृह जो गाए, उनके जिन हम पूज रचाए।।7।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि नंदन वनस्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी द्वीप कहाए, विजय मेरु नन्दन वन पाए।
उत्तर दिश जिनगृह जो गाए, उनके जिन हम पूज रचाए।।8।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि नंदन वनस्थित उत्तरदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

(शम्भू-छन्द)

पूर्व धातकी विजय मेरु के, पूर्व दिशा में शुभ मनहार।
सुमनस वन में जिनगृह पावन, जिन पद वन्दन बारम्बार।।9।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि सोमनस वनस्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी विजय मेरु के, दक्षिण दिश में अतिशयकार।
सुमनस वन में जिनगृह पावन, जिन पद वन्दन बारम्बार।।10।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि सोमनस वनस्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी विजय मेरु के, पश्चिम दिश में विस्मयकार।
सुमनस वन में जिनगृह पावन, जिन पद वन्दन बारम्बार।।11।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि सोमनस वनस्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी विजय मेरु के, उत्तर दिश में अपरम्पार।
सुमनस वन में जिनगृह पावन, जिन पद वन्दन बारम्बार।।12।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि सोमनस वनस्थित उत्तरदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी विजय मेरु के, पूर्व दिशा में है शुभकार।
पाण्डुक वन में जिनगृह पावन, जिन पद वन्दन बारम्बार।।13।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि पाण्डुक वनस्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी विजय मेरु के, दक्षिण दिश में अतिशयकार।
पाण्डुक वन में जिनगृह पावन, जिन पद वन्दन बारम्बार।।14।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि पाण्डुक वनस्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी विजय मेरु के, पश्चिम दिश में अपरम्पार।
पाण्डुक वन में जिनगृह पावन, जिन पद वन्दन बारम्बार।।15।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि पाण्डुक वनस्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी विजय मेरु के, उत्तर दिश में शुभ मनहार।
पाण्डुक वन में जिनगृह पावन, जिन पद वन्दन बारम्बार।।16।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि पाण्डुक वनस्थित उत्तरदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

पूर्व धातकी विजय मेरु के, चतुर्दिशा में आभावान।
चारों वन में सोलह जिनगृह, जिन का हम करते गुणगान।।17।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबन्धि षोडश जिनालय सर्व जिनबिम्बेभ्य: पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

1728 जिन प्रतिमा का पूर्णार्घ

चार वनों में मेरु विजय के, गाये सोलह श्री जिनधाम।
जिनमें सत्रह सौ अट्ठाइस, जिन बिम्बों पद विशद प्रणाम।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाकर, अर्चा करते महति महान।
भक्ति भाव से श्री जिनवर का, आज यहाँ करते गुणगान।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय मध्य विराजमान एक सहस्र सप्तशताष्टाविंशति जिनप्रतिमाभ्य: पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जाप्य मंत्र - ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यो नम:।

जयमाला

दोहा - विजय मेरु के जिन भवन, शास्वत जिन भगवान।
गाते हैं जयमाल हम, जिनकी यहाँ महान।।

(शम्भू-छन्द)

विजय मेरु है पूरव दिश में, खण्ड धातकी में आए।
जिसकी सुन्दरता के आगे, रवि भी फीका पड़ जाए।।
बहु रंगों की आभा वाला, शुभ मणियों से चमक रहा।
कर्मो से जो विजय दिलाने, मानो मेरू दमक रहा।।1।।
चार कहे वन इस मेरू पे, चउ दिश चैत्यालय सोहें।
प्रति चैत्यालय में प्रतिमाएँ, एक सौ आठ सु मन मोहें।।
जिनगृह की शोभा मनहारी, तोरण द्वारों युक्त कही।
वन्दन बार हार मालाएँ, घंटी झालर लटक रही।।2।।
जगह-जगह फानूश लगे हैं, दीपों की शुभ ज्योति जगे।
रत्न राशि शुभ देख देखकर, भवि जीवों का मोह भगे।।
वेदि अग्र शुभ रहा चँदोवा, जो भव्यों का मन मोहे।
घण्टा नॉद होय अतिशायी, श्रेष्ठ मनोहर जो सोहे।।3।।
चौंसठ चँवर ढुरें प्रभु आगे, ऊपर नीचे लहराएँ।
तीन लोक के स्वामी हैं जिन, क्षत्र त्रय यश फैलाएँ।।
मेरू सहस चुरासी योजन, ऊँचाई वाला जानो।
पाण्डुक शिला पे न्हवन प्रभू का, इन्द्र करें पावन मानो।।4।।

दोहा - मेरू के जिन धाम की, पूजा करते आज।
'विशद' भावना है यहीं, पाएँ शिव स्वराज।।

ॐ ह्रीं श्री विजय मेरु संबंधि षोडश जिनालय सर्व जिनबिम्बेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा - नाथ ! आपके द्वार पर, लाए हम अरदास।
पूरी हो मम कामना, लेकर आये आस ।।

।। इत्याशीर्वाद: ।।

अचल मेरु पूजा-3

स्थापना

दोहा - अचल मेरु में भी रहे, सोलह श्री जिनधाम।
आह्वानन् करते हृदय, करके विशद प्रणाम।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्ब समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

पूजा (दोहा-छन्द)

जला रही हमको प्रभो !, राग आग की पीर।
पाने जल लाए विशद, भेद ज्ञान का नीर।।1।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः जलं निर्व. स्वाहा।

शीतल चन्दन से मिटे, इस तन का संताप।
प्रभु भक्ती मैटे विशद, लगा कर्म का ताप।।2।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः चदनं निर्व. स्वाहा।

भव सिन्धू से शीघ्र ही, पार उतारो नाथ।
चढ़ा रहे अक्षत विशद, चरण झुकाते माथ !।।3।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अक्षतं निर्व. स्वाहा।

शील स्वभाव जगाइये, मदन दर्प अतिशूर।
भव तट नाव लगाइये, शिव पद से जो दूर।।4।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः पुष्पं निर्व. स्वाहा।

शांत करो जिनराज हे, क्षुधा ज्वाला विकराल।
मिथ्या भ्रान्ती नाश हो, लाए चरु के थाल।।5।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

स्व-पर तत्त्व प्रकाशनी, आतम ज्योति महान।
करो प्रज्वलित हे प्रभो !, अन्तर दीप सुज्ञान।।6।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः दीपं निर्व. स्वाहा।

भव-भव में भटके फिरे, कर्म बन्ध से नाथ !।
लोहे की संगति किए, अग्नि सहे घन घात।।7।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः धूपं निर्व. स्वाहा।

कर्मों से संग्राम कर, पाए पद निर्वाण।
मुक्ती फल पाने विशद, करते हम गुणगान।।8।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः फलं निर्व. स्वाहा।

अर्घ्य चरण अर्पण करें, पद अनर्घ्य के हेतु।
श्रद्धा से पूजन करें, जिन भक्ती शिव सेतु।।9।।

ॐ ह्रीं श्री पश्चिमधातकी खंड द्वीपस्थ अचल मेरु संबंधि षोडश जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

अर्घ्यावली

दोहा - अचल मेरु के पूजते, जिनगृह श्री जिनराज।
पुष्पांजलि करते प्रभो !, तारण तरण जहाज।।

।। तृतीय कोष्ठोपरि पुष्पांजलि क्षिपेत् ।।

(जोगीरासा-छन्द)

अपर धातकी अचल मेरु के, पूर्व दिशा में जाएँ।
भद्रशाल वन में जिनगृह जिन, पद में अर्घ्य चढ़ाएँ।।1।।

ॐ ह्रीं श्री अचल मेरु संबन्धि भद्रशाल वन स्थित पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

अपर धातकी अचल मेरु के, दक्षिण दिश में जाएँ।
भद्रशाल वन में जिनगृह जिन, पद में अर्घ्य चढ़ाएँ।।2।।

ॐ ह्रीं श्री अचल मेरु संबन्धि भद्रशाल वन स्थित दक्षिणदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

अपर धातकी अचल मेरु के, पश्चिम दिश में जाएँ।
भद्रशाल वन में जिनगृह जिन, पद में अर्घ्य चढ़ाएँ।।3।।

ॐ ह्रीं श्री अचल मेरु संबन्धि भद्रशाल वन स्थित पश्चिमदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

